वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 259 मंगलवार 16 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राज्यपाल से उपमुख्यमंत्री की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर. कासं।** राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में सोमवार को प्रदेश की उपमुख्यमंत्री सुदिया कुमारी ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## प्रदेश में 953 मंदिरों को 59 लाख का बजट, 22 को विशेष पूजा, छुट्टी का ऐलान भी संभव



**जयपुर. कासं।** अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव को प्रदेश में भी यादगार बनाया जाएगा। देवस्थान विभाग 22 जनवरी को 593 मंदिरों में विशेष पूजा कराएगा। सरकार ने हर मंदिर के लिए 10 हजार यानी कुल 59.30 लाख का बजट दिया है। इधर, कैबिनेट की पहली बैठक 18 जनवरी को संभव है। इसमें 22 जनवरी को सरकारी अवकाश घोषित हो सकता है। गहलोत सरकार के अंतिम 6 माह के निर्णयों पर रिव्यू कमेटी बन सकती है। भाजपा के घोषणा पत्र को नीतिगत दस्तावेज बनाने, कुछ निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी जा सकती है।

**बेणेश्वर, त्रिपुरा सुंदरी व सीता माता मंदिर का पर्यटन सर्किट बनेगा: सीएम**

सीएम बनने के बाद पहली बार वागड़ पहुंचे भजनलाल शर्मा ने कहा कि माही बांध के बैकवॉटर स्थित 100 टापू को विकसित करेंगे ताकि पर्यटन बढ़े। बेणेश्वर धाम, त्रिपुरा सुंदरी व प्रतापगढ़ स्थित सीतामाता अभयारण्य व सीता मंदिर को पर्यटन सर्किट के रूप में जोड़ेंगे।

## जयपुर एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स मूवमेंट का नया रिकॉर्ड

### दिसंबर 2023 में 5.18 लाख यात्रियों ने की यात्रा; 6.23 फीसदी यात्रियों ने भरी विदेश के लिए उड़ान




**जयपुर. कासं।** जयपुर इंटरनेशन एयरपोर्ट पर पिछले महीने 5.18 लाख पैसेंजर्स का रिकॉर्ड मूवमेंट हुआ। ये पिछले 10 साल में अब तक का सर्वाधिक पैसेंजर ट्रेफिक रहा है। इससे 94 फीसदी पैसेंजर्स वे थे जिन्होंने घरेलु उड़ान भरी थी, जबकि 6 फीसदी पैसेंजर्स ने विदेशों के लिए उड़ान भरी। पहले जनवरी 2019 में 5.12 लाख पैसेंजर्स का रिकॉर्ड मूवमेंट रहा था। जयपुर एयरपोर्ट से जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक दिसंबर 2023 में कुल 5 लाख 18,453 यात्रियों ने जयपुर हवाई अड्डे से यात्रा की। इसमें 4 लाख 86,102 ऐसे यात्री रहे जिन्होंने भारत के अंदर दूसरे शहरों के लिए यात्रा की, जबकि 32 हजार 351 ऐसे यात्री है जिन्होंने विदेशों के लिए उड़ान भरी। एयरपोर्ट ऑथोरिटी के मुताबिक दिसंबर में यात्री यातायात में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। राजस्थान ट्यूरिस्ट के बड़े डेस्टिनेंशन में से एक है। इस कारण दिसंबर में इस बार यात्रियों की संख्या में इताना इजाफा देखने को मिला। गौरतलब है कि पिछले महीने दिसंबर में जयपुर एयरपोर्ट पर 4 हजार 447 एयरक्राफ्ट का मूवमेंट रहा। इसमें 674 ऐसी फ्लाइट्स थी जो नॉन शेड्यूल थी। जयपुर से वर्तमान में 20 से ज्यादा शहरों के उड़ाने जाती है, जबकि दुबई, मस्कट, बैंकॉक के लिए भी उड़ाने यहां से सप्ताह में कुछ दिन जाती है।

# दर्शनोदय थूवोनजी जैसा कार्यालय देशभर में नहीं देखा : मुनिश्री

## नवीन कार्यलय का उद्घाटन राजू मेडिकल परिवार ने किया, शीतकाल थूवोनजी में करने हेतु कमेटी ने श्री फल भेंट किए



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं मुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज के निर्देशन में नवीन विशाल कार्यलय का निर्माण लम्बे समय से चल रहा था, जिसका उद्घाटन आज परम पूज्य मुनि श्री पद्मसागरजी महाराज के सान्निध्य में विनोद कुमार वैभव कुमार राजू मेडिकल परिवार ने पूरे विधि-विधान के साथ किया । इस दौरान कमेटी द्वारा मुनि श्री को शीतकालीन वाचना हेतु श्री फल भेंट किया।

### मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की प्रेरणा से संभव हो सका: विजय धुर्रा

समारोह को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की पावन प्रेरणा और उन्ही के कुशलमार्गदर्शन में अजमेर के मितुल सौपपुरा अहमदाबाद की देख रेख में निर्मित इस विशाल कार्यलय का उद्घाटन श्रावक श्रेष्ठी विनोद कुमार वैभव कुमार राजू मेडिकल परिवार द्वारा किया जा है इसके बाद अहमदाबाद से पधारे जय शास्त्री के मंत्रोच्चार के बीच विनोद कुमार सुभाष कुमार वैभव कुमार राजूमेडिकल परिवार ने नवीन कार्यलय का उद्घाटन फीता खोलकर किया ।इसके बाद विभिन्न मंत्रों का उच्चारण कर लघू पूजा कर विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू मिल, उपाध्यक्ष राकेश अमरोद ,धर्मेन्द्र रोकड़िया, गिरिश जैन, महामंत्री विपिन सिंघई, मंत्री विनोद मोदी, राजेन्द्र हलवाई ,प्रदीप रानी, कोषाध्यक्ष सौरव वाझल,प्रचार मंत्री विजयधुर्रा, आडिटर राजीव चन्देरी, मिडिया प्रभारी अरविंद कचंनार ने सभी का माला शाल श्रीफल से सम्मान किया।

### देशभर में हम पैदल विहार करते हैं ऐसा आफिस नहीं देखा: मुनिश्री

इस दौरान परम पूज्य मुनिश्री पद्मसागरजी महाराज ने कहा कि वर्षो से हम पैदल विहार रहे हैं बहुत सारे क्षेत्रों के दर्शन किए बहुत अच्छी धर्मशाला भी देखीं लेकिन ऐसा व्यवस्थित विशाल कार्यलय नहीं देखा ये कल्पना भी मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की है वे बहुत आगे का सोचकर है तव ही तो तीर्थ क्षेत्र पर कहा कौन सी आवश्यकता है वैसी योजना बनाकर कार्य करने की प्रेरणा देता है हम कल भी कह रहे थे कि जव भी महाराज श्रीसुधासागरजी महाराज आयेंगे इस क्षेत्र को पंख लगेंगे अभी आगरा में जिस तरह से लोकोदय तीर्थ का शिलान्यास हुआ उसने तो सारे रिकॉर्ड तोड दिए।

### कार्पोरेट आफिस की तरह बनाया गया है आफिस

इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू ने कहा कि महाराज के निर्देशन अनुसार कमेटी ने काम किया है कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि तीर्थ क्षेत्र कमेटी से हुकम काकाजी आयें थे तो वह भी इस आफिस को देखकर भी मल्टी सिटी को याद कर कह रहे थे ये तो कोई कारपोरेट हाऊस की तरह का आफिस लगता है इस दौरान कमेटी के निर्माण मंत्री विनोद मोदी ने कहा कि मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी के अल्प प्रवास ने दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी को इतना कुछ दिया कि कमेटी अभी भी उन्हीं कार्यो को पूरा करने में लगे हैं। नवीन कार्यलय में कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल के नेतृत्व में मंगल कलश की भी स्थापना की गई।

# गौ सेवा कर मनाया मकर संक्रांति एवं दान पुण्य दिवस



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान जैन युवा महासभा ग्रामीण जोन महामंत्री अमन जैन कोटखावदा के नेतृत्व में पिंजरापोल गौशाला में गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाकर मकर संक्रान्ति एवं दान पुण्य दिवस मनाया। इस पावन अवसर पर राजस्थान जैन युवा महासभा प्रतापनगर अध्यक्ष पारस जैन महामंत्री त्रिलोक चंद जैन, कोषाध्यक्ष अनमोल सेठी, निर्मल जैन, जितेन्द्र लाम्बा, राजस्थान जैन युवा महासभा ग्रामीण महामंत्री अमन जैन कोटखावदा आदि उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति महोत्सव स्नेह मिलन के रूप में मनाया



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** श्री पार्श्वनाथ नवयुवक मंडल सेवा समिति बापूनगर ने मकर संक्रांति महोत्सव पुर स्थित देव डूंगरी बाबा रामदेव मंदिर में सकल जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी समाज बापूनगर के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा के यशश्वी विधायक अशोक कोठारी थे । समाज के लादूलाल बोहरा, कमलेश मुणोत, अनिल बिसलोत, चंचल मल कर्णावट, चंद्र सिंह ढाबरिया, राजेंद्र तातेड़, मनोज बाफना, राजु सेठिया, कुलदीप गुगलिया, दर्शन तातेड़, कार्यक्रम प्रभारी विजय संचेती, गौरव डागा, मानवेन्द्र लोढ़ा सहित महिला मंडल सदस्य लीला बाफना, विमला मुणोत आदि ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट किया एवं उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया ।मंत्री कुलदीप गुगलिया ने विधायक कोठारी को श्री पार्श्वनाथ नवयुवक मंडल सेवा समिति द्वारा पिछले एक वर्ष में किये गए सेवा कार्यों से अवगत कराया कोठारी ने सभी के प्यार ओर स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया एवं समिति के विभिन्न सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को पारिवारिक व सामाजिक एकता के बारे में बताया ।कोठारी ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सभी से आव्हान किया कि सभी अपने अपने घरों पर दीपावली कि तरह दीपक जलाएं ।

# कीर्ति नगर जैन मंदिर की नव निर्वाचित प्रबंधकारिणी समिति का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न






**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कीर्ति नगर जैन मन्दिर टोंक रोड जयपुर की नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी समिति का शपथ ग्रहण समारोह आज जैन भवन कीर्ति नगर जयपुर में संपन्न हुआ। । महामंत्री जगदीश जैन ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कालीचरण सराफ थे। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रबंदकारिणी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी, अध्यक्ष - अरुण काला ( मटरू ) उपाध्यक्ष - प्रेम कुमार रांवका, महामंत्री - जगदीश जैन, मंत्री - राजकुमार जैन , सांस्कृतिक एवं कला मंत्री - राजेन्द्र कुमार पाटनी, प्रचार प्रसार मंत्री - आशीष बैद, कोषाध्यक्ष - सुरेन्द्र कुमार गोधा, सदस्य भागचन्द जैन, देवेन्द्र कुमार जैन, मनीष शाह, राजेन्द्र कुमार बजाज, नवनीत सौगानी, उम्मेदमल पांड्या को शपथ दिलायी। कालीचरण सराफ ने अपने उद्बोधन में कहा की मैं कीर्ति नगर जैन समाज का सदेव ऋणी राहूँगा इन्होंने वादा किया था की इस बार चुनाव मैं पहले से अधिक वोटो से विजयी बनायेंगे और वही किया, उन्होंने कहा कि मंदिर में मेरे या सरकार के योग्य कोई भी काम हो तो मैं सैदव तैयार हूँ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण काला ( मटरू ) ने अपने उद्बोधन में समाज का आभार व्यक्त किया और कहा कि इन तीन वर्षों में चुनाव दोरान किए गए समस्त घोषणाओ को पूरा करेंगे। प्रचार प्रसार मंत्री आशीष बैद ने बताया की इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद रमेश सैनी भी उपस्थित थे और उन्होंने अपने भाषण में कहा कि कीर्ति नगर जैन मंदिर की महिमा से परिचित है और समाज के किसी भी सहयोग के लिए वे हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर अनेकों मंदिरों के अध्यक्ष- मंत्री और के समाज बन्धु भारी संख्या में उपस्थित थे ।

## देवनगर जैन मंदिर में घटयात्रा एवं रथयात्रा के साथ हुआ तीन दिवसीय वेदी शुद्धि एवं जिनबिंब स्थापना महोत्सव का शुभारंभ



**आगरा. शाबाश इंडिया**

15 जनवरी से गणिनी आर्यिका श्री आर्षमति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य एवं श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट देवनगर के तत्वावधान में तीन दिवसीय वेदी शुद्धि एवं जिनबिंब स्थापना समारोह का शुभारंभ श्रीजी रथयात्रा एवं घटयात्रा के साथ हुआ। जिसमें सौभाग्यशाली महिलाओं ने केसरिया साडीयो में मांगलिक द्रव्य से भरे मंगल कलश लेकर घटयात्रा में चल रही थी।साथ ही रथयात्रा में भक्त श्रीजी की प्रतिमा को रथ में विराजमान कर चल रहे थे और साथ में आर्यिकासंघ भी चल रहा था। रास्ते में जगह-जगह भक्तों ने अपने घर के सामने श्रीजी की मंगल आरती उतारी एवं श्रीजी रथयात्रा एवं घटयात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया गया। घटयात्रा एव रथयात्रा मंदिर जी से शुरू मऊ रोड,मुंबई वाली बगीची,दयालबाग रोड,खंदारी चौराहा होते हुए श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर देवनगर पहुंची। घटयात्रा के मंदिर पहुंचने पर भक्तों ने विधानाचार्य नीरज जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा देवाआज्ञा जाप अनुष्ठान की क्रियाएं संपन्न की। साथ ही ध्वजारोहण श्री दिगंबर जैन लोकोदय तीर्थक्षेत्र के ट्रस्टी निर्मल कुमार मोठ्या एव रेखा मोठ्या परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी ने ट्रस्टी निर्मल कुमार मोठ्या एवं शिखरचंद जैन सिंघई का माला एवं मुकुट पहनाकर स्वागत सम्मान किया।




## वेद ज्ञान

### भय से व्यक्ति हमेशा उलझन में रहता है

मनुष्य को पूजा-पाठ, यज्ञ-अनुष्ठान जीवन को नियमित, व्यवस्थित तथा संयमित करने के लिए करना चाहिए, न कि किसी चमत्कार के लिए। बहुत से लोग यह कहते सुने जाते हैं कि बहुत दिनों से धार्मिक कार्य कर रहे हैं ताकि भगवान प्रकट हो जाएं और उनसे अपनी समस्या बताकर उसके समाधान का वरदान प्राप्त किया जाए। धर्म-ग्रंथों की कथाओं में ऐसा सुनते-पढ़ते यह दिमाग में बैठ गया है कि तपस्या आदि से भगवान एकाएक आकाश से अपने वाहन पर बैठकर आएंगे तथा कहेंगे- वत्स, वरदान मांगो। जबकि ऐसा कुछ नहीं होने पर निराशा होती है और भगवान की सत्ता, मान्यता पर अविश्वास होने लगता है। धर्मग्रंथों की कथाओं पर अगर ध्यान दिया जाए तो इस तरह की भ्रांति नहीं होगी। जप-तप से नकारात्मकता दूर होती है, आत्मबल मजबूत होता है। सच कहा जाए तो आत्मबल ही भगवान है। आत्मबल सत्य-आचरण से ही संभव है। जबकि गलत कामों से भय उत्पन्न होता है। भय व्यक्ति को इतना कमजोर बना देता है कि वह हमेशा संशय तथा उलझन में रहता है। फिर कोई काम सुचारू रूप से नहीं हो पाता है। जीवनचर्या बाधित होती है। जिस प्रकार से बादलों से घिरे सूरज से प्रकाश नहीं मिलता, उसी प्रकार दुगुर्णों से घिरे मन से ऊर्जावान विचार नहीं जन्म लेंगे। जब संकल्प ही कमजोर होगा तब कार्य उसी प्रकार कमजोर होगा जैसे नींव कमजोर होने पर भवन मजबूत नहीं बन सकता। भगवान की पूजा करते समय उन सद्गुणों को अपनाने पर जोर देना चाहिए जो मनुष्य से देवता बनाने की राह पर ले जाए। यदि गहराई से देखा जाए तो ईश्वरीय कृपा निरंतर बरस रही है। उसे महसूस एवं आत्मसात करने की जरूरत है। पानी बरस रहा हो और घड़ा उल्टा रखा गया हो तो उसमें जल-संग्रह नहीं हो पाएगा। भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेकर राजगद्दी या वनवास, दोनों हालत में समभाव रखते ही हर व्यक्ति के आसपास तदनुरूप तरंगें आने लगेंगी। जबकि तनाव, क्षोभ, निराशा में हानिकारक तरंगें शरीर में प्रवेश करेंगी। अतः जीवन तथा हालात को कोसने के बजाय हंसते-मुस्कुराते समय व्यतीत करना चाहिए, क्योंकि रोते हालत में काम बनने के बजाय और बिगड़ जाएगा।

## संपादकीय

### डेंगू का जोखिम बढ़ना गंभीर चिंता

किसी संक्रामक या जानलेवा बीमारी से निपटने के लिए सबसे जरूरी है उसके प्रसार और असर पर नजर रखना, ताकि उसकी प्रकृति का अध्ययन किया जा सके और उसी मुताबिक उस पर काबू पाने के उपाय जुटाए जाएं। हैरानी की बात है कि देश की राजधानी दिल्ली में एक ओर आम लोगों के लिए डेंगू का जोखिम बढ़ता जा रहा है और दूसरी ओर संबंधित महकमे इसकी हकीकत को छिपाने की कोशिश में लगे हैं। दिल्ली में हर साल



डेंगू के बढ़ते जोखिम और इसकी वजह से लोगों की मौत की खबरें चिंता का कारण बनती रही हैं। हाल ही में आई एक खबर के मुताबिक भी बीते वर्ष उन्नीस लोगों की मौत डेंगू की वजह से हो गई। मगर हैरानी की बात है कि इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आने और मरने वालों के वास्तविक आंकड़ों को सार्वजनिक करने को लेकर दिल्ली नगर निगम ने एक तरह की चुप्पी ओढ़ ली थी। जबकि यह रवैया किसी भी बीमारी के बेलगाम हो जाने का सबसे बड़ा कारण बन सकता है। यह बेवजह नहीं है कि अब दिल्ली नगर निगम पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं कि आखिर समय-समय पर मच्छरजनित बीमारियों या खासकर डेंगू के दंश से पीड़ित और मरने वालों को लेकर दर्ज आंकड़े क्यों नहीं जारी किए गए और कई महीनों तक इससे संबंधित आंकड़ों को क्यों छिपाया गया! खबरों के अनुसार, पिछले वर्ष अगस्त के बाद से दिल्ली नगर निगम ने अपनी हर सप्ताह जारी होने वाली मच्छरजनित रोगों के आंकड़ों वाली रपट जारी नहीं की है, जबकि 2023 में डेंगू के करीब सवा नौ हजार मामले प्रकाश में आए और इससे कुल उन्नीस लोगों की जान चली गई। मच्छरजनित बीमारियों या फिर अन्य संक्रामक रोगों के फैलाव तथा असर पर नजर रखना और उससे संबंधित रपट जारी करना नगर निगम का दायित्व है। इससे बीमारियों की रोकथाम में मदद ही मिलती है। मगर इस मामले में हकीकत पर पर्दा डालने की कोशिश हो रही है और ऐसे आरोप सही हैं, तो क्या यह आम लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं है! यह एक सामान्य तथ्य है कि अगर किसी बीमारी की प्रकृति को शुरूआती दौर में ही ठीक से समझने की कोशिश नहीं की जाती, तो उसे पांव पसारने का मौका मिलता है। इस बात की आशंका भी खड़ी हो सकती है कि वह बीमारी गंभीर शक्ल लेकर बेलगाम हो जाए। कोरोना के महामारी में तब्दील हो जाने और उसके नतीजों के ब्योरे आज भी लोगों को दहला देने के लिए काफी हैं। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के प्रकोप के दौरान उसकी चपेट में आने वाले मरीजों से संबंधित सभी आंकड़ों पर नजर रखी गई थी और उससे इसके असर का सटीक अध्ययन करने में काफी मदद मिली। आज कोरोना का असर नगण्य है, तो इसमें इससे जुड़े सभी पहलुओं को देख-समझ कर उसी मुताबिक इससे निपटने के उपाय करने की सबसे बड़ी भूमिका रही। अब अगर डेंगू के मामले में दिल्ली नगर निगम पर सच्चाई छिपाने के आरोप लग रहे हैं तो इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए कि यह कौन और क्यों कर रहा है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

### लोकसेवा और सुशासन का चेहरा

प्रशासनिक चिंतक डानहम ने कहा है कि ''अगर हमारी सभ्यता नष्ट होती है, तो ऐसा प्रशासन के कारण होगा।'' लोक प्रशासन एक ऐसी आवश्यकता है, जिसकी उपस्थिति में समानता और स्वतंत्रता को कायम रखना आसान होता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण समाज में संसाधनों और सेवाओं का न्यायपूर्ण वितरण ही सभी की समृद्धि का मूल मंत्र है। सिविल सेवा परीक्षा पाठ्यक्रम में इसी दृष्टि से दस साल पहले बदलाव किए गए थे। वह समावेशी और सतत विकास के साथ सुशासन के मापदंडों को भी बेहतरीन स्वरूप देता है। सामान्य अध्ययन के प्रथम प्रश्नपत्र में जहां भारतीय समाज को समझना आवश्यक है वहीं द्वितीय प्रश्नपत्र सामाजिक न्याय और शासन को विस्तृत रूप से एक नए अंदाज और स्वरूप में प्रतियोगियों के लिए परोसा गया। जहां समता, स्वतंत्रता, सशक्तीकरण और वर्ग विशेष को एक नई ताकत देने की चिंता निहित है, वहीं भुखमरी और गरीबी से जुड़े तमाम दशकों पुराने संदर्भ सामाजिक न्याय के अंतर्गत एक नए चिंतन की ओर युवा पीढ़ी को ले जाते हैं। सिविल सेवक प्रशासन का आधार होते हैं, उन पर कई महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियां होती हैं। उनके कार्यों को समाज से प्रेरणा मिलती है। सिविल सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव के पीछे कई महत्त्वपूर्ण कारक रहे हैं, जिनमें बदलते वैश्विक संदर्भ को संतुलित करने हेतु कइयों का परिमार्जन स्वाभाविक था। आचरण और अभिवृद्धि की दृष्टि से देखा जाए तो इस परीक्षा में चयनित होने वाले से यह उम्मीद होती है कि वह देश के चेहरे को विकासमय बनाए। मगर, भ्रष्टाचार एक ऐसी जड़ व्यवस्था है, जिसमें यह सेवा फंसी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि भारतीय प्रशासनिक सेवा समेत कई सेवाओं में कई अधिकारी ऊपर से नीचे तक कमोबेश रिश्वत और लेनदेन के मामले में लिप्त रहे हैं। 'करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022' में चालीस अंक के साथ भारत दुनिया में पचासीवें स्थान पर बरकरार है, जो सूरीनाम, गुयाना, मालदीव समेत कई अन्य देशों के समकक्ष खड़ा है, जबकि डेनमार्क, फिनलैंड, न्यूजीलैंड और नार्वे क्रमशः पहले से चौथे स्थान पर हैं। सिविल सेवा परीक्षा पाठ्यक्रम में सामान्य अध्ययन का चौथा प्रश्नपत्र नीतिशास्त्र से संबद्ध है। यहां प्रतियोगी के मानस पटल और कार्मिक तथा सामाजिक दृष्टि से एक संतुलित अधिकारी होने की धारणा का समावेशन दिखता है। व्यक्ति उदार हो, आचरण से भरा हो, ज्ञान की अविरल धारा लिए हो तथा स्वतंत्रता और समानता का सम्मान करता हो, तो सिविल सेवक के रूप में समाज और देश को तुलनात्मक रूप से अधिक लाभ मिलना तय है। ऐसी ही सदिच्छा से यह प्रश्नपत्र युक्त देखा जा सकता है, जहां नैतिकता और ईमानदारी का पूरा लेखा-जोखा है। मानव स्वभाव से दयाशील हो, तो दंड का वातावरण कमजोर होता है और अगर मानव एक प्रशासक के रूप में निहायत कठोर और सहानुभूति से परे हो, तो विकास और सामाजिक संतुलन बिगड़ सकते हैं। सार्वजनिक जीवन के सात सिद्धांत नोलन समिति ने भी दिए थे, जिनमें निस्वार्थता, सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, जवाबदेही, खुलापन, ईमानदारी और नेतृत्व शामिल है। सुशासन लोक सशक्तीकरण का पर्याय है, जिसमें लोक कल्याण, संवेदनशील शासन और पारदर्शी व्यवस्था के साथ खुला दृष्टिकोण और सामाजिक-आर्थिक विकास शामिल है। यह समावेशी ढांचे को त्वरित करता, सतत विकास को महत्त्व देता और जन-जीवन को सुजीवन में तब्दील करता है।

# सुर्य उपासना के दान पुण्य दिवस जरूरत मंदों को सामग्री वितरित




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

सुर्य भगवान के उत्तरायण में प्रवेश सुर्य उपासना के दान पुण्य के महापर्व पर सबकी सेवा सबको प्यार जीवों ओर जीने दो उद्देश्य वाली संस्था महावीर इंटरनेशनल वीरा धरा कुचामन सिटी द्वारा आज मकर संक्रांति पर्व पर वीरा सचिव शारदा सोहनलाल वर्मा परिवार द्वारा जरूरत मद जन को सुखी सामग्री 21 पेकट (खिचड़ी, गुड, चीनी चाय, तिल के लड्डू फीनी) किनोई पार्क में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्षा सरोज पाटनी, कोषाध्यक्षा मंजू, राखी बड़जात्या, कल्पना, मनीषा, पहाड़ियां , अनीता काला, सुनिता , कोमल, सीता गंगवाल पार्वती,वीर अध्यक्ष रामावतार गोयल, सचिव अजित पहाड़ियां, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन, तेजकुमार बड़जात्या ने सहयोग किया वीर सुभाष पहाड़ियां ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ओशियन पैन्थर्ज ने जीता वीआईएफटी क्रिकेट कप 2024



## साहिल प्रजापत बने मेन ऑफ द सीरीज

**उदयपुर. कासं।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर साईं तिरुपति यूनीवर्सिटी के सम्बद्ध कॉलेज वीआईएफटी द्वारा माली कॉलोनी स्थित एक्स्ट्रा इनिंग स्पोर्ट्स सेंटर पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। पहले दिन डोज बॉल, सितौलिया, रस्साकस्सी, थ्री लेग रेस, स्पून रेस, सौ मीटर रेस और बैडमिंटन तथा दूसरे दिन चार टीमों के बीच क्रिकेट स्पर्धा हुई। दोनों ही दिन आस पड़ोस रहवासियों ने छतों और खिड़कियों से खेलकूद प्रतियोगिता का जमकर लुत्फ उठाया। इस माहौल को देख स्थानीय निवासी सुदेश कुमार ने कहा कि आमतौर पर युवापीढ़ी, खास तौर पर कॉलेज स्टूडेंट्स को इस ऊर्जा से खेलते देख बहुत हैरानी और प्रसन्नता हो रही है। ऐसे में ये सभी बच्चे खुशनसीब हैं कि उन्हें ऐसा कॉलेज और समर्पित फैकल्टी मिली है। वीआईएफटी डायरेक्टर डॉ. रिमझिम गुप्ता ने बताया कि सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं में खेल भावना विकसित करने और फिट एंड फाइन रहने के मकसद से पिछले साल की भांति इस वर्ष भी दो दिनों तक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पूरे दमखम से विभिन्न खेलों में भागीदारी सुनिश्चित कर पुरस्कार जीते। बता दें, इस आयोजन में हैंडबॉल कोच गौरव गुर्जर, एथलीट एवं रग्बी कोच कुलदीप सिंह, शालाक्रीड़ा संगम के दिनेश शर्मा एवं वॉलीबॉल कोच डॉ. सीमा गुर्जर का मागदर्शन बना रहा। चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का अन्तिम दिन क्रिकेट रोमांच परवान चढ़ा। जिसमें फाइनल मैच में टीम ओशियन पैन्थर्ज.ने कप्तान ओमपाल और उप कप्तान हर्षद मेनारिया के बेहतरीन खेल प्रदर्शन की बदौलत प्रतिद्वन्द्वी टीम फिनिक्स जैगुवार को हरा वीआईएफटी क्रिकेट कप 2024 अपने नाम कर लिया। आलराउंड प्रदर्शन कर **''मैन ऑफ द सीरिज''** का खिताब इंटीरियर डिजाइनिंग प्रथम वर्ष के छात्र साहिल प्रजापत ने जीता। प्रिंसीपल विप्रा सुखवाल ने बताया कि दोनों ही दिन खास तौर पर गर्ल्स स्टूडेंट्स के साथ फैकल्टी डॉ. नरेन गोयल, सावन दोसी, देवर्षि मेहता, निशात परवीन, तनुजा अजारिया, दीपक सिंधल, अभिषेक पंवार सहित वरिष्ठ स्टाफ मेंबर प्रकाश शर्मा और भगवती वैष्णव का जोश देखने लायक था।

# आचार्य सौरभ सागर जी द्वारा की गई द्रव्य कर्म और भाव की व्याख्या

## बुधवार को होगा सम्मेद शिखर विधान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनकपुरी- ज्योतिनगर जैन मंदिर जी में विराजित आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी गुरुदेव द्वारा सोमवार को धर्म सभा में द्रव्य कर्म और भाव की विवेचनात्मक व्याख्या की गई। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार आचार्य श्री ने कहा कि बिना भाव के भी कर्म का बंध होता है इसी तरह क्रिया से भी भावों का बंध होता है। द्रव्य क्रियाएं भावों को प्रकट करती है तथा पद के विपरीत भी क्रिया करना भी कर्म का बंध का कारण बनता है।आचार्य श्री ने आगे बताया कि यह प्रवचन एक तरह से पाठशाला है और कर्म स्थल सुने व समझे गए प्रवचन की प्रयोगशाला है। धर्म सभा में मंगलाचरण अनीता बिंदायक्यकद्वारा तथा दीप प्रज्वलन झोटवाड़ा समाज के अध्यक्ष धीरज पाटनी द्वारा किया गया। आचार्य श्री के सानिध्य में बुधवार को साज बाज के साथ सम्मेद शिखर विधान का आयोजन रखा गया है ।

# आईएएफ ने किया रिहर्सल, आज आएंगे उपराष्ट्रपति

**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**



श्रीमहावीरजी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लिया। साथ ही भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर ने हेलिपैड से जुड़ी तैयारियां का जायजा किया। डीएसपी प्रवेंद्र सिंह की मौजूदगी में सोमवार को करीब 3 बजे वायु सेना के दो हेलीकॉप्टर को उपराष्ट्रपति के बनाए हेलीपैड पर उतारकर तैयारी का जायजा लिया गया। सबन्धित विभाग वार आवश्यक निर्देश भी दिए । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार दोपहर में श्रीमहावीरजी आएंगे। हेलीपैड से श्रीमहावीरजी मंदिर तक कॉरिडोर तैयार किया है। जिसके जरिए उपराष्ट्रपति मंदिर पहुंचकर श्री महावीर स्वामी के दर्शन करेंगे। प्रबन्धकारिणी द्वारा उन्हें पूजा अर्चना करवाई जाएगी। पूजा अर्चना की बाद उपराष्ट्रपति हेलीपैड आएंगे तथा हैलीकॉप्टर से धौलपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। पुलिस प्रशासन व सभी विभागों द्वारा सोमवार को उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर पूर्व तैयारी का जायजा लिया गया । हेलीपैड से लेकर मुख्य मंदिर तक के सभी रास्तों का अवलोकन कर रिहर्सल भी किया। जिला कलेक्टर ने हेलीपेड से मंदिर के रूट् चार्ज का जायजा किया तथा मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। मंदिर परिसर में भी सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियां को अंतिम रूप दिया।

# जेएसजी अनन्ता ने सितोलिया संग कई खेलों का किया आयोजन, मनाया खेलो दिवस





**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप अनंता की ओर से मकर संक्रांति के पर्व को खेलो दिवस के रूप में मनाया गया। विद्या भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 110 सदस्यों ने खेलकूद में आनंद लिया। शुरूआत में सभी गेम्स के संयोजक द्वारा फ्लैग मार्च किया गया, और अनंता के पदाधिकारीयों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज भगवान राम के अयोध्या आगमन के अवसर पर खुशी में नृत्य से हुआ। अध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा नाहर ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक आनंद एवं ज्योति चौरडिया थे। लूडो के संयोजक नीना तलेटीया, केरम संयोजक अतुल जैन, सितोलिया में अंकित मण्डावत, चेस में नितिन सिंघवी, क्रिकेट में मनीष मेहता और बैडमिंटन में आनंद चौरड़िया संयोजक थे। खेलों के साथ ही मकर संक्रांति पर अनूठी हाउजी सरोज बोहरा , कांता जोधावत तथा राजकुमार बाबेल द्वारा खेलाई गई। दिनभर चले इस खेल में सभी ने उत्साह से भाग लिया, तो वहीं खेल की थकान और गुनगुनाती धूप के बीच राजस्थानी भोजन का भी सभी ने आनंद लिया। सचिव राजेश सिसोदिया ने बताया कि सभी विजेताओं को मेडल देखकर पुरस्कृत किया। इस दौरान अनंता के संस्थापक अध्यक्ष मोहन बोहरा पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र जोधावत, राकेश भाणावत तथा कार्यकारिणी सदस्य शशिकांत जैन, ललित कच्छारा, अशोक जैन, अजित जैन, डॉ संपत कोठारी, आरती डूंगरवाल आदि मौजूद थे।

## युवा उद्यमी व समाजसेवी अनिल लोहाना को सोशल अवार्ड से नवाजा



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

युवा उद्यमी व समाजसेवी अनिल लोहाना को समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सोशल अवार्ड से नवाजा गया। लोहाना को यह अवार्ड शुभ वेडिंग की ओर से व इनक्रेडिबल इंडिया के सहयोग से आयोजित टोंक रोड स्थित गठबंधन पैलेस में हुए समारोह बिजनेस कॉन्क्लेव अवार्ड्स-2024 में सिने तारिका अमीषा पटेल ने प्रदान किया। शुभ वेडिंग के डायरेक्टर्स राजन कायस्थ व आरती निर्माण ने बताया कि लोहाना को यह अवार्ड उनके माता-पिता की स्मृति में संचालित श्री नवलराय बूली देवी लोहाना चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से विगत 15 वर्षो से किए जा रहे समाजसेवा के कार्यों के लिए दिया गया। इस मौके पर अवार्ड लेने के बाद लोहाना ने बताया कि दुनिया में दीन-दुखियों की सेवा से बढ़कर और कोई कार्य नहीं है इसलिए सदैव सभी को निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। इसके अलावा अवार्ड लेने वालो में अनूप बरतरिया, केसी मालू, सुरजाराम, नेहा छुगानी, अजय अग्रवाल सहित अन्य उद्यमी रहे। इस दौरान बेस्ट अचीवर्स को अलग-अलग कैटेगरीज मे अवार्ड दिए गए।

### अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...

## खरीद लो-दुनिया के सारे भोग विलास ऐशो आराम...

**जब इन सबसे थक जाओ-हार जाओ-निराश हो जाओ, तो फिर हमें बताना-सुख-शान्ति आनंद प्रेम सुकून के दाम क्या है?**

कभी आपने ध्यान दिया हो-दुनिया की हर चीज में तीन भाव पैदा होते हैं, जैसे-नदी-खूब खुशी देती है, कभी रुलाती है, तो कभी अपनी सुन्दरता की छटा बिखेरती है। लोग नदीयों की सुन्दरता देखने कहां-कहां नहीं जाते हैं। लोग नदी किनारे खड़े होकर घन्टो गुजार देते हैं। उसकी वरदानी छाव में, शीतल हवा, मन को मोहने वाली लहरें देखकर कौन खुश नहीं होगा? इतिहास साक्षी है हमारे साधु सन्तों ने, त्यागी तपस्वियों ने, प्रकृति का बहुत सम्मान किया। आज भी जैन साधु साध्वी - वनस्पति को तोड़ते नहीं, जल को अनावश्यक बहाते नहीं, अग्नि जलाते नहीं, रहने के लिए घर बनाते नहीं, पेट भरने के लिये भीख मांगते नहीं। साधु सन्तों ने, तीर्थंकर भगवन्तों ने प्रकृति को देवी कहकर, पेड़ पौधे में जीव बताकर उसका संरक्षण किया। भोग विलास और सुविधा भोगी मनुष्य ने प्रकृति के साथ अपने पवित्र रिश्तों को खत्म कर दिया। परिमाणतः भोग विलास के भौतिक संसाधन से मनुष्य जीवन में खतरा पैदा हो गया, क्योंकि पर्यावरण का असन्तुलन, जल की कमी, वायु का परिवर्तन ने पूरी दुनिया को खतरे में डाल दिया है। आज ना शुद्ध हवा है, ना शुद्ध पानी, ना शुद्ध आनाज, ना शुद्ध साग सब्जी, ना शुद्ध फल फूल। प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने का अर्थ है-अपने जीवन के साथ खिलवाड़ करना। हम प्रकृति का उपकार मानते हुए उसे धन्यवाद दें और स्वयं धन्य बनें क्योंकि जो प्रकृति की कद्र करते हैं, प्रकृति उनका सम्मान करती है...! **नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**



# इन्जी प्रेम चन्द छाबड़ा एवं तिलक मती जैन

Er PC Chhabra:
Param Sanrakshak

1.Dingmber Jain Atishay Kshetra Sankhna.
2.D.J. Atishay Kshetra Nimola.
3.D.J. Sidh Kshetra Mathura Chaurasi Trustee Sarman Gayan Bharti and remained Chairman of Panch Kalayan.
4.Shiromani Sanrakashak Dingmber jain Mahasameeti & Sanrakshak Rajasthan Cometee.
5.Vice President Dingmber jain Social Group Rajasthan Anchal.
6.Convenor Digamber jain Shiksha Parishad Mahaveer Higher Secondary School.
7.Executive Director PWD Welfare society (PEARS) 8.Executive Member of Institution of Engineers (INDIA) Rajasthan Centre.
8.Vice President Jain Engineer's Society Foundation Indore.
9.Advisor TMU Moradabad University .
10.Patron member of JITO (Jain International Trade Organisation).
11.Vice President BJS Rajasthan and patron pinkciy jaipur.
12.Chief Patron of Anuvarat and Sanrakashak of Anuvarat Executive Committee.
13.Executive member of Mahaveer international Association and immediate past Secretary.
14.Life member of Uniraj Federation (University of Rajasthan).
15.Sanrakashak Prantiya Dharm Jagarti Sansthan.
16.Life member of D.J.Mahasabha.
17.Sr. Vice President Janta Colony Sansthan.
18.Life member Of Tirth Kshetra Commitee

1.Remained General Secretary Government High School Dausa, 2.Remained Representative of Maharaja College Jaipur.
3.Remained member of Assembly University of Jodhpur 4.Remained Chairman PWD Association Jaipur Zone.
5.Represented in debate in Dausa HighSchool,Maharaja College Jaipur, Engineering College Jodhpur.
6.Awarded Outstanding/Emitent Engineers award by Institution of Engineer's India at India and Rajasthan state level.
7.Awarded by JES as best Engineer among Jain's Engineers of India awarded in Kota convention with cash award of Rs 51000/ sevaral times awarded by sevaral societies.
8.Remained Chairman of Corona Commitee and helps in corona by financially and in treatment.
9.Nearly got free vaccinated 2500 citizens young from age12 to18 , 18 andabove.
10.Awarded Corona Worrier award by Paras Channel at India level and also awarded by various societies/instructions of Rajasthan Committees.
11.Received 5 times Life time Achievement Award by different societies/institutions.
12. Helping for various institutions, temples and Dharamshala.
13. Chief patrons of Anuvarat and sanrakashak of Executive committee







शादी सालगिरह : 16 जनवरी 1971

## की वैवाहिक वर्षगांठ पर

## हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

डा: विपिन -अहिंसा जैन (पुत्र-बहु), विनीत - डा :संजोली जैन( पुत्र-बहु),
डा: वन्दना - मोनिल (पुत्री -जवाई), लगन, आदि, निहार (पोत्र), परी एवं यूवी (दोहती-दोहते)

बी-53, जनता कालोनी, जयपुर -302004 | मोबाइल नंबर 9414052412

# बच्चों व बड़ों को मिले कम्बल, अम्मा की असीम अनुकम्पा




**नई दिल्ली /फरीदाबाद. शाबाश इंडिया**

अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में पूज्य अम्मा की कृपा से चलने वाली अमृता पाठशाला के बच्चों को व दिल्ली में वसंतकुंज स्थित अम्मा के आश्रम के आस पास रहने वाले 200 से भी अधिक परिवारों, बच्चों को गर्म कम्बल प्रदान किये गए। अमृता हॉस्पिटल के परिसर में चलने वाली श्रमिक बच्चों को पूज्य स्वामी विजयमृतानन्द पुरी जी, गोपी जी व जे. एस. एन, की टीम ने 45 कम्बल दिए। बच्चों के आकर व भार से बड़े कम्बल भी बच्चे बड़े जतन से संभालकर ले रहे थे। पूज्य स्वामी जी ने अम्मा के भक्तों, दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने इन नये ऊनी कम्बलो को प्रदान किया। वसंत कुंज आश्रम में पूज्य स्वामी निजामृतानन्द पुरी जी, स्वामी मोक्षमृतानन्द चैतन्य, स्वामी हषार्मृता चैतन्य व आश्रम के विशिष्ट भक्तों ने 150 से अधिक परिवारों को कम्बल प्रदान किये। स्वामी जी ने कहा पूज्य अम्मा यहाँ से 3000 किमी दूर रहकर भी अपने दिल्ली के बच्चों का इतना ध्यान रखतीं हैं। यह उनके मातृत्व, करुणा व सेवा के महान गुणों का एक प्रतीक है। गर्म सुन्दर कम्बलों को पाकर हर चेहरे पर प्रसन्नता व आनंद की अनुभूति स्पष्ट दिखाई दे रही थी।


卐 श्री पार्श्वनाथाय नमः 卐

स्वर्गीय श्री राजकुमार जी गंगवाल, मथुरा वाले की पुण्य स्मृति में
दिगम्बर जैन महासमिति चौमू बाग द्वारा आयोजित

आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा
नि: शुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर



सहयोग: अतुल जैन – डॉ. श्वेता जैन, आरोग्यम आयुर्वेद – 7976112730

स्थान-श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ,चोमू बाग, सांगानेर

रविवार दिनांक 21 जनवरी 2024 | परामर्श- प्रात: 10.00 से 1.00 बजे
रजिस्ट्रेशन- प्रात: 8 से 9. 30 बजे | शिविर उद्घाटन प्रात: 9.30 बजे

शिविर पुण्यार्जक एवं उद्घाटन कर्ता परिवार
श्रीमती पुष्पा देवी, श्री गुलाब चन्द, श्री अमित कुमार एवं समस्त गंगवाल परिवार (मथुरा वाले), सांगानेर

स्त्री रोग – श्वेतप्रदर, माहवारी अनियमितता PCOD, Infirtility
त्वचा रोग – मुहांसे, दाद, सौरायसिस, चकते
वात व्याधि – जोड़ो का दर्द, स्लिप डिस्क, सायटिका, घुटनों का दर्द, सरवाईकल पैन, माइग्रेन
ENT - कान से मवाद, सीटी बजना, बहरापन, टॉन्सिल, साइनोसाइटिस, थॉयराइड
सर्जरी – अर्श, फिस्टुला, भगंदर
जनरल – पेट के रोग, कास, अस्थमा, एलर्जी

नि: शुल्क आयुर्वेद औषधि वितरण योग अग्निकर्म कपिंग जौक थैरेपी

नि: शुल्क बी.पी., ब्लड शुगर यूरिक एसिड जाँच

विशेषज्ञ चिकित्सक

डॉ. श्वेता जैन – आयुर्वेदिक न्यूरो थेरेपिस्ट एवं अग्रिकर्म विशेषज्ञ, BAMS, CCSS (NIA)
डॉ. ऋचा तिवारी – प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, M.S. (Ayu.)
डॉ. मान महेन्द्र सिंह – गुदा रोग विशेषज्ञ, M.S., PHD (Ayu.)
डॉ. क्षिप्रा नत्थानी – पंचकर्म विशेषज्ञ, BAMS, PGD (BHU)
डॉ. कीर्ति सचदेवा – डायबिटीज रोग विशेषज्ञ, MD, ( कायचिकित्सा )
डॉ. अभिषेक सिंह – कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ, M.S. (Ayu.) ENT
डॉ. मुकेश साहु – अग्निकर्म, जलौकावचरण एवं विद्धकर्म विशेषज्ञ, (BAMS)
डॉ. मालाश्री एस. जी. – नेत्र रोग विशेषज्ञ, M.S. (Ayu.)

फार्मा: Gufic Health Care & Sandu Pharma Ceuticals Ltd.

शिविर संयोजक- आशीष पाटनी -9887029876 । मुकेश छाबड़ा -9828568878 । श्रीमती कमला अजमेरा 6375698590

निवेदक- प्रबंध कार्यकारिणी समिति, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, चौमूबाग
अध्यक्ष: प्रेम चन्द बड़जात्या । मंत्री : पारस मल जैन

आयोजक: दिगम्बर जैन महासमिति चौमू बाग इकाई
अध्यक्ष– डॉ. अरविंद कुमार जैन– 8949868520 । मंत्री– राजकुमार गोधा– 9784630036

नोट–आप अपना अग्रिम रजिस्ट्रेशन, मोबाइल व्हाट्सएप नंबर 9887029876 पर भी, निम्न सूचना प्रेषित करते हुए करवा सकते हैं।
1. रोगी का नाम 2. उम्र 3. लिंग ( महिला/ पुरुष ) 4 बीमारी का नाम 5. मोबाइल नंबर।


# वीआईएफटी में हुई खेल प्रतियोगिता

## दिग्गज टीम ओशियन पैन्थर्ज ने जीता क्रिकेट कप



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** मकर संक्रान्ति के अवसर पर साईं तिरूपति यूनीवर्सिटी के सम्बद्ध कॉलेज वीआईएफटी द्वारा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पहले दिन डोज बॉल, सितौलिया, रस्साकस्सी, थ्री लेग रेस, स्पून रेस, सौ मीटर दौड़ और दूसरे दिन बैडमिंटन एवं क्रिकेट जैसे खेल खेले गए। वीआईएफटी डायरेक्टर डॉ. रिमझिम गुप्ता ने प्रतियोगिता के विषय में बताते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ छात्र-छात्राओं में खेल भावना विकसित करने हेतु दो दिनों तक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पूरे दमखम से विभिन्न खेल खेले और पुरस्कार जीते। इस दौरान हैंडबॉल कोच गौरव गुर्जर, एथलीट एवं रग्बी कोच कुलदीप सिंह, शाला क्रीड़ा संगम के दिनेश शर्मा एवं वॉलीवॉल कोच डॉ. सीमा गुर्जर के मागदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। चेयरमैन आशीष अग्रवाल के अनुसार प्रतियोगिता का अन्तिम दिन क्रिकेट को समर्पित रहा। जिसमें हुए रोमांचक मैचों में टीम ओशियन पैन्थर्ज.के कैप्टन ओम पाल और वाइस कैप्टन हर्षद मेनारिया ने चौक्के-छक्कों की बरसात करते हुए प्रतिद्वन्दी टीम फिनिक्स जैगुवार को हरा कर क्रिकेट कप अपने नाम कर लिया। ''मैन ऑफ द सीरिज'' इंटीरियर डिजाइनिंग प्रथम वर्ष के छात्र साहिल प्रजापत को दिया गया। इस अवसर पर प्रिंसीपल विप्रा सुखवाल, डॉ. नरेन गोयल, राकेश शर्मा ''राजदीप'', सावन दोसी, देवर्षि मेहता, ओम पाल सीलन, अभिषेक पंवार, दीपक सिंधल, दीपेश मेनारिया, तनुजा अजारिया, निशत परवीन आदि भी उपस्थित थे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# मकर संक्रांति महोत्सव स्नेह मिलन के रूप में मनाया

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**



**भीलवाडा।** श्री पार्श्वनाथ नवयुवक मंडल सेवा समिति बापूनगर ने मकर संक्रांति महोत्सव पुर स्थित देव डूंगरी बाबा रामदेव मंदिर में सकल जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी समाज बापूनगर के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा के यशश्वी विधायक अशोक कोठारी थे। समाज के लादूलाल बोहरा, कमलेश मुणोत, अनिल बिसलोत, चंचल मल कर्णावट, चंद्र सिंह ढाबरिया, राजेंद्र तातेड़, मनोज बाफना, राजू सेठिया, कुलदीप गुगलिया, दर्शन तातेड़, कार्यक्रम प्रभारी विजय संचेती, गौरव डागा, मानवेन्द्र लोढ़ा सहित महिला मंडल सदस्य लीला बाफना, विमला मुणोत आदि ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट किया एवं उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया । मंत्री कुलदीप गुगलिया ने विधायक कोठारी को श्री पार्श्वनाथ नवयुवक मंडल सेवा समिति द्वारा पिछले एक वर्ष में किये गए सेवा कार्यों से अवगत कराया कोठारी ने सभी के प्यार ओर स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया एवं समिति के विभिन्न सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को पारिवारिक व सामाजिक एकता के बारे में बताया ।कोठारी ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सभी से आव्हान किया कि सभी अपने अपने घरों पर दीपावली कि तरह दीपक जलाएं । कार्यक्रम का प्रारम्भ जाप प्रभारी टीम रतन संचेती, सुशील रूगलेचा, पुनीत पालेचा, लोकेश कर्णावट के सहयोग से नवकार मंत्र जाप से हुआ ।उसके पश्चात विभिन्न वर्गों में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । 10 वर्ष के कम उम्र के बच्चों की प्रतियोगिता में प्रशि डागा प्रथम, परिन बाफना द्वितीय, भुविका कोठारी तृतीय स्थान पर रहे । 10 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों के प्रतियोगिता में यश जैन प्रथम, साँची सेठिया द्वितीय, रति डागा तृतीय स्थान पर रहे ।महिला वर्ग में प्राची चौधरी प्रथम, शीतल भंडारी द्वितीय, निशा लोढ़ा तृतीय रहे ।सीनियर पुरुष वर्ग में राजेश ढाबरिया प्रथम, राजेंद्र पालड़ेचा द्वितीय, प्रकाश कांकरिया तृतीय रहे। कपल प्रतियोगिता में अमित शीतल भंडारी प्रथम, अनिल पुष्प बुलिया द्वितीय, हिमांशु खुशबू चौधरी तृतीय स्थान पर रहे ।पुरुष वर्ग जूनियर में प्रकाश नाहर प्रथम, दर्शन तातेड़ द्वितीय, विजय संचेती तृतीय स्थान पर रहे ।लकी ड्रा में प्राची चौधरी प्रथम, विनय चौधरी द्वितीय, प्रशांत कोठारी तृतीय रहे ।मंत्री कुलदीप गुगलिया में समिति द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों से सभी को अवगत करवा कर वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समिति के विभिन्न सेवा कार्यों में निस्वार्थ सेवा देने हेतु सदस्यों जिसमे जैन पाठशाला हेतु प्रकाश नाहर, नवकार जाप हेतु रतन संचेती, सुशील रूगलेचा, पुनीत पालेचा, लोकेश कर्णावट, गौ सेवा हेतु सुशील रांका, धर्मेश श्री श्री माल, वैभव पुनमिया, सचिन चपलोत गरीबों में ऊनी वस्त्र वितरण हेतु संजय मेहता, दिलीप जैन, रोहित गोखरू और स्नेह मिलन में विशेष सहयोग हेतु विजय संचेती, गौरव डागा, मानवेन्द्र लोढ़ा, अमित भंडारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम से श्री संघ महावीर भवन संरक्षक लादूलाल बोहरा, अध्यक्ष कमलेश मुणोत, मंत्री अनिल बिसलोत, श्री चन्दनबाला महिला मंडल संरक्षिका लीला बाफना, श्री बसंत बालिका मंडल संरक्षिका विमला मुणोत समिति के कमलेश कोठारी, अरिहंत कांकरिया, हिमांशु चौधरी, संजय खैराडा, नमन बाफना, गजेंद्र नाबेड़ा, मुकेश आंचलिया,जय पालड़ेचा, आयुष बिसलोत, प्रशांत कोठारी, राजकुमार कांठेड़, मनोज भडकतीया, चिन्मय पालड़ेचा सहित सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे ।कार्यक्रम के अंत में स्नेह भोज का आयोजन किया गया । अध्यक्ष राजू सेठिया ने सभी का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## जैन मंदिर आमलियोकी बारी प्रांगण में अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का मंगल प्रवेश हुआ



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

अजारदारान दिगंबर जैन मंदिर आमलियोकी बारी प्रांगण में अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का मंगल प्रवेश बड़े उत्साह पूर्वक हुआ। जय कुमार कोठारी, प्रकाश चौधरी, राजकुमार जैन ने अकलंक जैन एवं सत्येंद्र जैन प्रतिष्ठाचार्य का माल्यार्पण द्वारा सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख पात्रों का चयन कर जिसमें चिरंजीव लाल- संगीता- कृतिका चौधरी परिवार एवं भागचंद- श्रीमती मंजू-मनीष गोधा परिवार ने जम्मू दीप की रचना में एक प्रतिमा अपनी ओर से रखने का सौभाग्य प्राप्त किया। राजकुमार- स्नेहलता- अंकुर जैन सौधर्म इंद्र, भागचंद- श्रीमती मंजू- मनीष गोधा धन कुबेर बने। दिनेश- पियूष- रचित सेठिया परिवार ने मंगल आरती की। श्रीमती मंजू- अभिषेक- सोनम पाटोदी परिवार ने प्रथम पालना झुलाया। स्नेहकिरण- प्राची सेठिया परिवार, चतुर्भुज पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर को रजत शीला एवं 26 परिवारजनों को ताम्र शिलाएं अयोध्या तीर्थ नवनिर्माण में रखने का सौभाग्य मिला। इस उपरांत सभी इंद्र- इंद्राणियां अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ में विराजमान होकर बैंडबाजों की स्वर लहरियो में जुलूस मुख्य मार्ग से निकला। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने आरती एवं पालना झुलाकर धर्म का लाभ लिया। ट्रस्ट अध्यक्ष जयकुमार कोठारी एवं प्रकाश चौधरी ने सभी के सहयोग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धमार्लुगण उपस्थित थे। प्रकाश पाटनी ने बताया कि 16 जनवरी को प्रातः 7:00 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मेंनसेक्टर शास्त्री नगर में पहुंचेगा।



# 2100 कम्बल वितरण का लक्ष्य पूर्ण हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

''कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट'' दीन-दुखियों लाचार व जरूरतमंदों की सेवा के लिए सदा तत्पर रहा है। सर्दियों में ठिठुरते लोगों को कम्बल ओढ़ाना भी संस्थान का एक सेवा प्रकल्प है। इसी क्रम में हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद लोगों को अपनी योजना वस्त्र बैंक के माध्यम से 12 दिसम्बर 2023 को 355 कम्बलों का वितरण कर शुरूआत की गई। ये वितरण हर एकादशी, अमावस्या, पूर्णिमा संक्रांति आदि तिथियों और पर्वों पर किये गए। संस्थान ने 2100 कम्बलों का लक्ष्य निर्धारित किया जो आज 15 जनवरी मकर संक्रान्ति पर कम्बल वितरण कर पूर्ण हुआ। ईश्वर के आशिर्वाद व दानदाताओं के सहयोग से यह पुण्य कार्य हर वर्ष सर्दियों में किया जाता है।

# मॉडल संस्कृति स्कूल



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद के मॉडल संस्कृति स्कूल ऐलनाबाद में मिशन बुनियाद के तहत कार्यक्रम हुआ। मिशन बुनियाद हरियाणा सरकार की एक बहुत ही शानदार योजना है, इसके तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले मध्यम वर्गीय व गरीब परिवार के बच्चों को आईआईटी जैसे एग्जाम की निःशुल्क तैयारी करवाई जाती है इस योजना से वो परिवार भी अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य का सपना सच कर सकते है जो सीकर कोटा जैसी जगहों पर लाखों खर्च नही कर पाते। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से अपील है कि वो अपने बच्चों को इस योजना का हिस्सा जरूर बनाये ताकि आपके बच्चे भी देश के बड़े संस्थान में पढ़ाई कर अपने सपनो को उड़ान दे सकें।

# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने गोशाला में चारा वितरण किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आज दिनांक 15 जनवरी 2024 को डिस्ट्रिक्ट के प्रोग्राम मकर संक्रांति उत्सव पर गोशाला में गुड़ व चारे के दान के कार्यक्रम में लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने भी अपनी उपस्थिति व सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला. ओ पी गग्गर सहित जयपुर के 5 रीजन चैयरपर्सन सहित कई क्लब के ढरळ व अन्य लायन सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। जयपुर स्पार्कल से अध्यक्ष रानी पाटनी, सचिव सुजाता स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष मंजु पूरी, सदस्य विजया कोठारी, स्नेह लता जैन, आशा जैन उपस्थित रहे।

# महामुनि सेठ सुदर्शन स्वामी की निर्वाणोत्सव पर जैन धर्मावलंबियों ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**पटना सिटी. शाबाश इंडिया।** ब्रह्मचर्य व्रत के अडिग साधक शीलव्रतधारी महान जैन संत महामुनि श्री सुदर्शन स्वामी के निर्वाण दिवस पर तिथि पौष शुक्ल पंचमी सोमवार को जैन समुदाय द्वारा हर्षोल्लासपूर्वक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रथयात्रा हाजीगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकलकर अशोक राजपथ के सिटी चौक, मच्छरहट्टा, खांजेकला, पश्चिम दरवाजा होते हुए सुदर्शन पथ गुलजारबाग स्थित श्री कमलदह जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पहुंची।

# डायमंड ग्रुप ने पतंगबाजी थीम पर प्रोग्राम कर नववर्ष का स्वागत किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप डायमन्ड ने रविवार 14 जनवरी को आगरा रोड़ पर स्थित होटल चंद्रमहल के रूफटॉप असिला रेस्टोरेंट में पतंगबाजी थीम पर प्रोग्राम करके साल का स्वागत किया। प्रोग्राम के शुरू में संस्थापक अध्यक्ष यश कमल संगीता अजमेरा की उपस्थिति में आने वाले नए व सभी सदस्यों को तिल का लड्डू खिलाकर स्वागत किया। फिर सभी ने म्यूजिक के साथ पतंगबाजी की आपस में पेच लड़ाए और एक दूसरे के पेच काटे। ग्रुप अध्यक्ष प्रमोद सोनल जैन व ग्रुप सचिव रमेश संजना छाबड़ा ने बताया कि आने वाले सभी दम्पति सदस्यों ने इस खुशनुमा माहोल में चाय के साथ दाल के पकोड़ा व पनीर टिक्का का लुत्फ उठाया। डी जे पर सभी ने जमकर डांस किया मस्ती की। परिचर्चा में राजेंद्र सेठी ने इंदौर में हुए युवक युवती सम्मेलन के बारे में प्रकाश डाला व इस कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार रहे यश कमल अजमेरा का तालियों के साथ स्वागत किया। फिर वहां से आई हुई ट्रॉफी द्वारा संस्थापक अध्यक्ष ने तकनीकी संयोजक रमेश छाबड़ा व अतुल छाबड़ा का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष एस के आभा गंगवाल ने बताया कि महिला पुरषों की अलग अलग टीम बनाकर म्यूजिकल चेयर गेम खिलाए गए भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से जीतने वालो को ईनाम वितरित की गई। प्रोग्राम मे लगभग 56 सदस्य उपस्थित थे। सभी नये सदस्यों को माला पहनाकर व परिचय के साथ स्वागत किया गया। अंत में अर्ली कमर की कपल व गेम की ईनामें वितरित कर प्रोग्राम का समापन किया।

